# Implementation of Advice/Recommendations

## 33. (14/16/375) SH. VARUN CHAUDHRY (Mullana)

Will the Agriculture and Farmers Welfare Minister be pleased to state the year wise advice/recommendations given by the Haryana Kisan Kalyan Pradhikaran since its inception along with their status of implementation?

---

**JAI PARKASH DALAL, AGRICULTURE & FARMERS WELFARE MINISTER, HARYANA**

Sir,

The Haryana Kisan Kalyan Pradhikaran has been constituted by the Government under the Haryana Kisan Kalyan Pradhikaran Act, 2018. The earlier Haryana Kisan Ayog/ Haryana Kisan & Agricultural Costs and Prices Commission has been merged in the Pradhikaran by the Government vide order dated 18.02.2022. The Pradhikaran has started functioning with appointment of a full-time Chief Executive Officer in June 2022. The Pradhikaran has undertaken the following activities during last one year: -

1. A Task Force of experts has been constituted by the Pradhikaran to prepare Farmers Welfare Policy/ Kisan Kalyan Niti with Vision-2047. The Task Force has held meetings with various stakeholders including scientists, researchers, departmental officers, bankers, entrepreneurs, farmers etc. The Task Force is at the stage of preparing the draft of the policy and expected to submit the report soon.
2. The Pradhikaran has also constituted Working Groups on the following subjects to study and make recommendations: -
   (i) Promotion of Poultry
   (ii) Development of Fisheries
   (iii) Problem of Water Logging and Salinity
   (iv) Promotion of Medicinal and Aromatic Plants
   (v) Promotion of Micro Irrigation in Haryana

   The Working Groups have held detailed consultations with stake holders, and expected to submit their reports soon.

3. On receipt of the reports of the Task Force and Working Groups, these will be considered by the Pradhikaran and appropriate decisions will be taken.
4. Farmers workshops have also been organised on Agri-Business and Value Addition in Haryana on 04.01.2023 in Jind and Promotion of Fisheries in Haryana on 10.03.2023 in Karnal.

***

# सलाह / अनुशंसाओं का क्रियान्वयन

## 33. (14/16/375) श्री वरूण चौधरी (मुलाना):

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण द्वारा अपनी स्थापना से लेकर अब तक दी गई सलाह / अनुशंसाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है तथा उसके क्रियान्वयन की स्थिति क्या हैं?

---

## जय प्रकाश दलाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, हरियाणा

महोदय,

हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण का गठन सरकार द्वारा हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण अधिनियम, 2018 के तहत किया गया है। पहले के हरियाणा किसान आयोग /हरियाणा किसान एवं कृषि लागत व मूल्य आयोग को सरकार द्वारा दिनांक 18.02.2022 के आदेशों के तहत प्राधिकरण में विलय कर दिया गया है। प्राधिकरण ने जून 2022 में पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति के साथ काम करना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने पिछले एक वर्ष के दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ की हैं :-

1. प्राधिकरण द्वारा किसान कल्याण नीति विजन-2047 तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। टास्क फोर्स ने वैज्ञानिकों , शोधकर्ताओं, विभागीय अधिकारियों, बैंकरों, उद्यमियों, किसानों आदि सहित विभिन्न हितधारकों के साथ बैठकें की हैं। टास्क फोर्स नीति का मसौदा तैयार करने के चरण में है और जल्द ही रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद है।
2. प्राधिकरण द्वारा अध्ययन एवं सिफारिशें करने के लिए निम्नलिखित विषयों पर कार्य समूहों का भी गठन किया गया हैः -
   - (i) मुर्गीपालन को बढ़ावा
   - (ii) मत्स्य पालन का विकास
   - (iii) जलजमाव एवं लवणता की समस्या
   - (iv) औषधीय एवं सुगंधित पौधों को बढ़ावा देना
   - (v) हरियाणा में सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा

   कार्य समूहों द्वारा हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है और उनके द्वारा जल्द ही रिपोर्ट सौंपने की उम्मीद है।
3. टास्क फोर्स एवं कार्य समूहों की रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्राधिकरण द्वारा इन पर विचार किया जाएगा और उचित निर्णय लिए जाएंगे।
4. हरियाणा में कृषि-व्यवसाय और मूल्य संवर्धन पर 04.01.2023 को जींद में और 10.03.2023 को करनाल में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने पर किसान कार्यशालाएं भी आयोजित की गई हैं।

***